संपादकीय

सतर्कता की उचित सलाह

आशंका है कि अगले 3-4 वर्षों में चिप के अति उत्पादन के कारण चिप कारोबार में मुनाफा घट सकता है। ऐसे में वे उद्यम ही टिकाऊ होंगे, जो कम लागत में उन्नत चिप का उत्पादन करेंगे। क्रिस मिलर ने इसी संदर्भ में अपनी सलाह पेश की है।

भारत सरकार ने बीते हफ्ते एक लाख 26 हजार करोड़ रुपये निवेश की तीन चिप परियोजनाओं को मंजूरी दी। बताया गया है कि इनके लिए भारत सरकार 48,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इनमें भारत का पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट भी है, जो टाटा ग्रुप एक ताइवानी कंपनी के साथ मिलकर लगाएगा। इसके पहले पिछले साल केंद्र ने अमेरिकी कंपनी माइक्रॉन टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर लगाए जाने वाले संयंत्र को मंजूरी दी थी, जिसमें कुल 2.75 बिलियन डॉलर का निवेश होगा।

केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए 10 बिलियन डॉलर (76000 करोड़ रुपये) की विशाल सब्सिडी का प्रावधान कर रखा है। इसे भारत की महत्त्वाकांक्षी पहल बताया गया है। लेकिन इस बड़ी योजना को लेकर कुछ सवाल भी उठे हैं। मसलन, विशेषज्ञ और बहुचर्चित किताब चिप वॉर के लेखक क्रिस मिलर ने भारत सरकार को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि भारत में लग रहे चिप कारखाने मुनाफा कमा सकने की स्थिति में हों।

साथ ही ये उद्यम चिप विकास में भी योगदान करें। गौरतलब है कि भारत में फैब्रिकेशन यानी चिप उत्पादन के कारखाने लगाए जा रहे हैं। विकास से मतलब चिप तकनीक को उन्नत करने से है, जिसके लिए बहुत बड़े निवेश और महारत की जरूरत पड़ती है। कारखानों के मुनाफे को लेकर प्रश्न इसलिए उठे हैं, क्योंकि कोरोना काल में सप्लाई श्रृंखला भंग होने से चिप की हुई किल्लत झेलने के बाद दुनिया भर में नए ट्रेंड चिप कारखानों के लिए बड़े पैमाने पर निवेश का है। इसमें सबसे आगे अमेरिका है, लेकिन यूरोप ने भी अपनी महत्त्वाकांक्षी योजना बनाई है।

चीन के खिलाफ अमेरिका के चिप युद्ध शुरू कर देने के कारण भी इस क्षेत्र में निवेश को उच्च प्राथमिकता मिली हुई है। नतीजतन, आशंका है कि अगले तीन से चार वर्षों में चिप के अति उत्पादन के कारण दुनिया में इस कारोबार में मुनाफा घट सकता है। ऐसे में वे उद्यम ही टिकाऊ होंगे, जो कम लागत की वजह से अपेक्षाकृत सस्ते एवं उन्नत चिप का उत्पादन करेंगे। मिलर ने इसी संदर्भ में अपनी सलाह पेश की है। इस पर समग्रता से विचार किया जाना चाहिए।

एलन मस्क से छिना दुनिया के सबसे अमीर शख्स का ताज, जेफ बने दुनिया के नंबर-1 अमीर

नई दिल्ली । अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, जेफ ने टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़ दिया है। लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, जेफ बेजोस की कुल संपत्ति 200 बिलियन डॉलर है, जबकि एलन मस्क की कुल संपत्ति 198 बिलियन डॉलर है। वहीं बर्नार्ड अर्नाल्ट 197 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, एलन मस्क की नेटवर्थ पिछले साल 31.3 बिलियन डॉलर कम हुई जबकि जे बेजोस की नेटवर्थ 23.4 बिलियन डॉलर बढ़ गई। फरवरी 2024 की फाइलिंग के अनुसार, दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन रिटेलर अमेजन में बेजोस की लगभग 9 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

वह ब्लू ओरिजिन के भी मालिक हैं, जो ब्लूमबर्ग की निवेश लागत की कैलकुलेशन में शामिल है। वेंचर फंड स्पेस एंजल्स के सीईओ चाड एंडरसन के अनुसार, ब्लू ओरिजिन के लिए मूल्यांकन निर्धारित करना इसकी अनूठी रणनीति और इस बात के कारण मुश्किल है कि जेफ बेजोस एकमात्र शेयरधारक हैं, जिनका बेचने का कोई स्पष्ट इरादा नहीं है।

एलन मस्क ने गूगल और मेटा पर लगाया राजनीतिक पक्षपात का आरोप

अमेरिकी चुनाव में गूगल के हस्तक्षेप का दावा करने वाली एक पोस्ट का जिक्र करते हुए टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने मंगलवार को कहा कि गूगल और मेटा के फेसबुक और इंस्टाग्राम में मजबूत राजनीतिक पूर्वाग्रह हैं। स्टीवन मैके नाम के एक यूजर ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अमेरिकी चुनावों में गूगल के हस्तक्षेप का दावा करने वाली रिपोर्ट दिखाई। मैके ने कहा, गूगल एक नस्लवादी कंपनी से कहीं अधिक है। यह एक ऐसी कंपनी है जो वर्तमान में हमारे चुनावों में हस्तक्षेप कर रही है। पोस्ट का जवाब देते हुए मस्क ने कहा, गूगल और फेसबुक/इंस्टाग्राम का मजबूत राजनीतिक पूर्वाग्रह है। यह कहना मुश्किल है कि क्या वे किसी भी चुनाव में निर्णायक कारक थे, लेकिन उन्होंने निश्चित रूप से पैमाने पर अपना अंगूठा लगाया है। मस्क ने कहा, ट्रंप के जीतने के बाद गूगल के अधिकारियों द्वारा पूरी ताकत से सत्र आयोजित करने का वह वीडियो परेशान करने वाला था। उन्होंने कहा, एआई अपने रचनाकारों की गलतियों को प्रतिबिंबित करता है। जब लोग आश्चर्य करते हैं कि अगर एआई ने दुनिया को नियंत्रित किया तो चीजें कैसे गलत हो सकती हैं। मस्क ने यह भी कहा कि उनकी राय में एआई सुरक्षा के लिए सबसे अच्छा दृष्टिकोण है।

एसएपी ने मनीष प्रसाद को नियुक्त किया भारतीय उपमहाद्वीप के लिए प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक

नई दिल्ली । क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप के लिए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में मनीष प्रसाद की नियुक्ति की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में बताया कि वह कुलमीत बावा का स्थान लेंगे। बावा को वैश्विक जिम्मेदारी दी गई है जहाँ वह ग्राहकों के लिए एसएपी बिजनेस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म (एसएपी बीटीपी) के विकास को गति प्रदान करेंगे।

प्रसाद कंपनी के बेंगलुरु कार्यालय से एसएपी एशिया प्रशांत जापान के अध्यक्ष पॉल मैरियट को रिपोर्ट करेंगे।

मैरियट ने कहा, भारत क्षेत्र और वैश्विक स्तर पर एसएपी के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है, और नवाचार तथा विकास के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्र है।

उन्होंने कहा, मैं पिछले तीन साल में एसएपी इंडिया को निरंतर सफलता और विकास प्रदान करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बावा को धन्यवाद देता हूं।

प्रसाद के पास उत्तरी अमेरिका, मध्य पूर्व, एशिया और ऑस्ट्रेलिया सहित कई क्षेत्रों में वैश्विक तथा क्षेत्रीय व्यवसायों के निर्माण और प्रबंधन का अनुभव है।

प्रसाद ने कहा, भारत अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण में है, एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को अपना रहा है, जो अभूतपूर्व संभावनाओं के युग का प्रतीक है।

मुंबई जल्द अपनी फील्डिंग में सुधार करेगी : झूलन गोस्वामी

नई दिल्ली। डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को मंगलवार को मुंबई की टीम ने शुरुआती जीवनदान दिया। इतना ही नहीं मुंबई का इस मुकाबले में फील्डिंग स्तर काफी कमजोर नजर आया। तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर शबनीम इस्माइल के खिलाफ शॉर्ट बॉल को पुल करने की कोशिश में शैफाली को बड़ा टॉप-एज निकला। मिड-ऑन पर तैनात सैका इशाक दौड़ीं, लेकिन वो मौका चूक गईं।

हालांकि, बाद में पांचवें ओवर में शबनीम ने शैफाली को आउट कर दिया, लेकिन मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ फील्डिंग में कुछ गलतियां कीं। मगर कई मौकों पर कुछ शानदार कैच भी लिए गए। इस बीच मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कोच और मेंटर झूलन गोस्वामी ने आशा व्यक्त की कि टूर्नामेंट के दिल्ली चरण की शुरुआत 29 रन की हार के साथ करने के बाद टीम क्षेत्ररक्षण विभाग में बेहतर हो जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे मुंबई के पास मंगलवार के मैच से पहले अभ्यास के लिए ज्यादा समय नहीं था।

अब ट्रेन में भी कर सकेंगे स्विगी से ऑडर, रेलवे ने कंपनी के साथ मिलाया हाथ

नई दिल्ली । ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने ट्रेनों में फूड डिलीवरी सेवा प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन के मुताबिक, स्विगी बेंगलुरु, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा से यात्रा करने वाले ट्रेन यात्रियों को भोजन वितरित करेगी। कंपनी ने कहा कि आने वाले हफ्तों में इस सेवा का विस्तार देश भर के 59 अतिरिक्त सिटी स्टेशनों तक होने की संभावना है।

स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने बयान जारी कर कहा, अगर इन रेल यात्राओं के दौरान, जो राज्यों और जिलों से होकर गुजरती हैं, किसी के पास भारत की पाक विविधता का पता लगाने के लिए भोजन ऑर्डर करने का विकल्प है, तो यह अनुभव को अधिक सुविधाजनक और आनंददायक बना देगा।

स्विगी के माध्यम से प्री-ऑर्डर की गई भोजन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आईआरसीटीसी ऐप पर पीएनआर डालना होगा। भोजन वितरण के लिए पसंदीदा स्टेशन का चयन करना होगा। ऐप पर रेस्तरां की विस्तृत सूची ब्राउज़ करनी होगी और एक रेस्तरां चुनना होगा जो भोजन वितरित कर रहा हो। आईआरसीटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय कुमार जैन ने कहा, स्विगी के साथ यह साझेदारी हमारे यात्रियों के लिए अधिक सुविधा और भोजन विकल्प लाएगी, जिससे उनकी यात्राएं और अधिक यादगार बन जाएंगी।

इसके अलावा, कंपनी ने बताया कि यात्रियों को दिया जाने वाला खाना गर्म और ताजा रखने के लिए इंसुलेटेड स्विगी बैग में पैक किया जाएगा। स्विगी का डिलीवरी पार्टनर डिलीवरी से कुछ मिनट पहले चयनित प्लेटफॉर्म पर पहुंचेगा, ग्राहक को खाना सौंपेगा और चला आएगा।

रणजी ट्रॉफी : फाइनल में पहुंची विदर्भ, मुंबई से होगा मुकाबला

नईदिल्ली। रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम को 62 रन से हरा दिया।इसी के साथ विदर्भ की टीम फाइनल में पहुंच गई है। जहां उनका सामना मुंबई क्रिकेट टीम से होगा। यह मुकाबला 10 मार्च से वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।मध्य प्रदेश को जीत के लिए 321 रन चाहिए थे, लेकिन पूरी टीम 258 रन ही बना पाई।

विदर्भ मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी और पूरी टीम 56.4 ओवर में 170 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आवेश खान ने मध्य प्रदेश के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके।जवाब में हिमांशु मंत्री की शतक (126) के मदद से मध्य प्रदेश ने 252 रन बना दिए। विदर्भ ने दूसरी पारी में 402 रन बना दिए।मध्य प्रदेश की दूसरी पारी में यश दुबे (94) को छोडक़र और कोई भी खिलाड़ी बड़ा स्कोर नहीं बना पाया।

दुबे ने 212 गेंदों का सामना किया और 10 चौकों की मदद से 94 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, उनकी यह पारी भी टीम को जीत नहीं दिला पाई।दुबे का इस सीजन में प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। इस सीजन में वह 6 अर्धशतक अपने नाम किए हैं।पिछली 15 पारियों में उनके स्कोर क्रमश: 11, 64, 9, 5, 68, 25, 37, 59, 37, 30, 0, 11, 91, 15 और 59 के रहे हैं।

विदर्भ की टीम की ओर से यश राठौड़ ने मैच में 200 गेंद का सामना किया और 141 रन बनाए। उनके बल्ले से 18 चौके और 2 छक्के निकले। उन्होंने 70.50 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।उनकी इस शानदार पारी के ही कारण पूरा मैच पलट गया। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका पहला शतक था।उन्होंने कप्तान अक्षय वाडकर (77) के साथ 279 गेंद में 158 रन की साझेदारी निभाई।

अनुभव अग्रवाल ने विदर्भ की दूसरी पारी में मध्य प्रदेश के लिए 5 विकेट झटके। उन्होंने 18 ओवर में 1 मेडन ओवर के साथ 92 रन खर्च किए और 5 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।यह उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का तीसरा 5 विकेट हॉल रहा।क्वार्टर फाइनल में उन्होंने 52 रन खर्च कर 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा था। उनकी इकॉनमी रेट 2.70 की रही थी। इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद उनकी टीम नहीं जीत पाई।

शबनीम इस्माइल ने फेंकी महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे तेज गेंद

नई दिल्ली। डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर इतिहास रच दिया।

मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में शबनीम ने मुंबई की तरफ से गेंदबाजी करते हुए 132.1 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा फेंकी अब तक की सबसे तेज गेंद है।

शबनीम ने मैच के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर यह रिकॉर्ड बनाया। इस खतरनाक गेंद का सामना कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने किया। हालांकि, लैनिंग इस गेंद को खेलने से चूक गई, यह गेंद फ्रंट पैड पर लगी।

पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाली इस खिलाड़ी के नाम कई बड़े रिकॉर्ड दर्ज हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी सबसे तेज गेंद इस्माइल के नाम दर्ज है, उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी।

हालांकि, अपनी तेज गति से चर्चा में आने वाली इस्माइल इस मुकाबले में अपनी टीम के लिए थोड़ी महंगी साबित हुई।

बात अगर मैच की करें तो दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 192/4 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 163/8 रन ही बना सकी, इस तरह दिल्ली को 29 रनों से जीत मिल गई।

आज का राशिफल

मेष- आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आप जिस भी काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आराम से पूरा हो सकता है। आपको बस थोड़ा संयम रखने की जरूरत है। आपको अपनी मान-प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए समाज के कार्यों में सहयोग देना चाहिए।

वृष- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। कोई बड़ा काम संतान की मदद से पूरा हो जाएगा। माता-पिता का सहयोग भी बना रहेगा। शाम को माता-पिता के साथ आप किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं।

मिथुन- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपके काम बनते-बनते रूक सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है। आपको कोई भी कार्य करने से पहले अपने से बड़ों की राय जरूर लेनी चाहिए।

कर्क- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी काम में भागदौड़ थोड़ी अधिक हो सकती है। बच्चों के स्कूल-कॉलेज से जुड़े कुछ कागज बनवाने पड़ सकते हैं। आपको किसी से मदद भी मांगनी पड़ सकती है।

सिंह- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम से निपट लेने के बाद आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ खुशी के पल बिता सकते हैं।

कन्या- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपके सारे काम मन-मुताबिक पूरे होंगे। आप बच्चों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। इस राशि के जो छात्र इंजीनियरिंग कर रहे हैं, उनके लिए आज का दिन शुभ है।

तुला- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा। घर पर अचानक से कोई मित्र आ सकता है।

वृश्चिक- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा बहुत हद तक बढ़ जाएगा। आसपास के लोगों से आपको मदद मिल सकती है।

धनु- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आपके सामने कोई भी चुनौती टिक नहीं पाएगी। आपको किसी सेमिनार में बतौर अतिथि बुलाया जा सकता है।

मकर- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के काम में आपके सामने कई चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपने काम में किसी मित्र का सहयोग ले सकते हैं। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुल सकते हैं।

कुंभ- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार में सबके चेहरे खिले रहेंगे। लोग आगे से चलकर आपसे बात करना चाहेंगे। किसी प्रिय मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है।

मीन- आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। माता-पिता अपने बच्चों के साथ कहीं आस-पास पिकनिक स्पॉट पर जा सकते हैं। आप किसी समारोह में जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है।

अदा शर्मा स्टारर बस्तर : द नक्सल स्टोरी का ट्रेलर हुआ रिलीज, रोंगटे खड़े कर देने वाली सच्चाई की झलक

अदा शर्मा स्टारर फिल्म बस्तर: द नक्सल स्टोरी का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है. सुदीप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी फिल्म के ट्रेलर में अदा शर्मा को अपने बेजोड़ अंदाज में देखा जा सकता है. दर्शकों को लुभाने वाले सभी एलिमेंट से भरपूर यह फिल्म उन्हे एंटरटेन करने की क्षमता रखती है. द केरल स्टोरी की जबरदस्त सफलता के बाद, टीम एक और डेयरिंग और प्रभावशाली विषय के साथ वापस लौटी है, जिसका ट्रेलर सभी के उम्मीदों पर खरा उतरता नजर आ रहा है.

ट्रेलर में नक्सलियों द्वारा सीआरपीएफ जवानों को मारने की दिल दहला देने वाली झलक है, इसके अलावा इसमें दिखाया गया है कि किस तरह से जेएनयू के क्षेत्रों द्वारा देश के जवानों की मौत का जश्न मनाया जाता है. इंसानों को काटने के सीन से लेकर राष्ट्रगान गाने पर बच्चों को जलाए जाने, राजनीतिक हस्तियों की गोली मारकर हत्या करने और निर्दोष लोगों को फांसी पर लटकाए जाने के सीन्स तक ने इस ट्रेलर को जबरदस्त बना दिया है.

ट्रेलर न केवल उत्साह को दूसरे स्तर पर ले जाता है बल्कि हमें असल घटनाओं के बारे में और ज्यादा जानने के लिए प्रेरित भी करता है. ट्रेलर का मुख्य आकर्षण आईपीएस नीरजा माधवन का किरदार है, जिसे एक्ट्रेस अदा शर्मा ने निभाया है.

फिल्म क्रू का हॉटेस्ट ट्रैक नैना हुआ रिलीज, करीना-कृति-तब्बू ने दिखाया अपना स्वैग

फिल्म क्रू के निर्माताओं ने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने एक धमाकेदार गाना देने का वादा किया था और नैना नामक फिल्म का पहला ट्रैक पेश किया। यह गाना रिलीज़ हो चुका है। बता दें कि इसे फेमस सिंगर दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने अपनी आवाज दी है, जो इस वीडियो में भी नजर आ रहें हैं।

आपको बता दें कि इस वीडियो की शुरुआत तब्बू के फ्यूशिया आउटफिट में पोज देने से होती है। इसके बाद कृति सेनन एक नारंगी गाने में थिरकती नजर आती हैं। करीना कपूर खान एक नीयन हरे रंग की पोशाक में अपने अनोखे स्वैग के साथ प्रवेश करें। गाने में अभिनेत्रियाँ एक हवाई जहाज के शीर्ष पर नृत्य करती हैं।

रिलीज हुआ रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर का ट्रेलर

0 यमुनाबाई के किरदार में दमदार दिखीं अंकिता लोखंडे

रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर को लेकर लम्बे समय से बज बना हुआ है। आखिरकार इंतजार खत्म हुआ और फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में अभिनेता एक-एक सीन आपके रोंगटे खड़े कर देगा।

रणदीप हुड्डा स्टारर स्वातंत्र्य वीर सावरकर क्रांतिकारी नेता विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। फिल्म में अभिनेता ने सावरकर की भूमिका निभाई है। रणदीप भारत को आजादी दिलाने वाले उस महान नेता की कहानी लेकर आए हैं, जिनसे लोग कम वाकिफ हैं।

हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से ही मिली है। यह वो कहानी नहीं है। रणदीप हुड्डा के इस डायलॉग के साथ स्वातंत्र्य वीर सावरकर के ट्रेलर की शुरुआत होती है। फिल्म में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। भारत को आजाद करने के लिए उन्होंने किस तरह अपनी फौज खड़ी की और अंग्रेजों भारत से भगाने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का दम लगा दिया था।

अपने क्रांतिकारी व्यवहार के चलते सावरकर को अंग्रेजों का जुल्म भी सहना पड़ा था। उन्हें दो बारा काला पानी की सजा दी गई, बुरी तरह पीटा गया। हालांकि, फिर भी सावरकर ने हार नहीं मानी और अपनी लड़ाई जारी रखी।

रणदीप हुड्डा ने वीर सावरकर की भूमिका में बिल्कुल न्याय किया है। ट्रेलर देख यह साफ पता चलता है कि उन्होंने इस किरदार को निभाया नहीं, बल्कि जिया है। एक-एक सीन में रणदीप, सावरकर की झलक दिखाते हैं। फिल्म में अंकिता लोखंडे का भी अहम रोल है। वह सावरकर की पत्नी यमुनाबाई की भूमिका में नजर आ रही हैं। उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से इंप्रेस किया है।

रणदीप हुड्ड की फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन रणदीप ने ही किया है। वह बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं। वह फिल्म के प्रोड्यूसर भी हैं।

शब्द सामर्थ्य- 355

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 354 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू-दोकू- 355

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.354 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6